आयात में कमी और निर्यात में कुछ वृद्धि के कारण गत बारह महीनों की अपेक्षा हम अपने व्यापार सम्बन्धी घाटे को ३६४ करोड़ से घटा कर २१८ करोड़ कर सके हैं। निर्यात को प्रोत्साहन देने की दिशा में अपने सतत प्रयत्नों के फलस्वरूप मेरी सरकार निर्यात वस्तुओं की सूची में नयी चीजें जोड़ सकी है और नयी मंडियां ढूंढ़ सकी है। निर्यात व्यापार को बढ़ाने के लिये सरकार ने कुछ नये प्रोत्साहन भी दिये हैं। यद्यपि गत वर्ष निर्यात व्यापार से वृद्धि केवल ३४ करोड़ रुपये की ही हुई है, इस बात से हमारा उत्साह बढ़ता है कि हमारे व्यापार संतुलन का रुख अब अनुकूल है।

औद्योगिक सम्बन्धों के सुधार के लिये १९५८ में ऐच्छिक आधार पर जो अनुशासन नियमावली बनायी गयी थी उसका अधिकाधिक पालन किया जा रहा हैं, और इससे बहुत से ऐसे झगड़ों का निपटारा किया जा सका जो अन्यथा किसी एक पक्ष द्वारा प्रत्यक्ष कार्यवाही का कारण बन सकते थे। ऐच्छिक आधार पर औद्योगिक कारखानों में जो सम्मिलित प्रबन्ध समितियां स्थापित की गई थीं उनके काम से यह प्रमाणित होता है कि पूर्ण विचार विमर्श से औद्योगिक सम्बन्धों में सुधार और उत्पादन में वृद्धि होती है।

प्रगतिशील खेती और ग्राम सुधार के लिये पंचायतीराज और सहकारिता की उन्नति और विकास अत्यन्त आवश्यक हैं। इस दिशा में मेरी सरकार के प्रयत्नों के फलस्वरूप आठ राज्यों में ग्राम स्वशासन का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है और अनुमान है कि देश की ६५ प्रतिशत जनसंख्या इस सुधार के अन्तर्गत आ गई है।

तीसरी पंचवर्षीय योजना में मेरी सरकार ने ६ से ११ साल तक की उम्र के सब बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की है। यह संख्या देश के कुल स्कूल जाने वाले लड़कों का ९० प्रतिशत और लड़कियों का ६२ प्रतिशत है और ६—११ आयु के कुल बच्चों की संख्या का ७६ प्रतिशत है। स्कूल में बच्चों की हाजरी को अनिवार्य बनाने के लिये राज्यों की सरकारों को विधान स्वीकृत करने का सुझाव दिया जायेगा।

तिरुपति में केन्द्रीय संस्कृत परिषद् से आशा है आगामी वर्षों में संस्कृत के अध्ययन का विस्तार होगा। यह परिषद् संस्कृत साहित्य सम्बन्धी विशेष विषयों मे अनुसन्धान भी करेगी।

इंजीनियरिंग और टेकनोलोजी के क्षेत्रों में प्रशिक्षित लोगों की मांग बराबर बढ़ रही है। इसे पूरा करने के लिये मौजूदा संस्थाओं का विस्तार और देश के विभिन्न भागों में नयी संस्थाओं का स्थापन किया जायगा।

गरीब, किन्तु प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहायता के लिये बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियों की व्यवस्था की गई है।

छूत की बीमारियों के उन्मूलन के लिये आवश्यक कदम उठाने को प्राथमिकता देना मेरी सरकार की नीति है। इसके परिणामस्वरूप मलेरिया का लगभग उन्मूलन हो चुका है और क्षय रोग तथा गुप्तेन्द्रिय रोगों पर व्यापक नियंत्रण किया जा सका है। देश भर से चेचक के उन्मूलन के कार्यक्रम को भी मेरी सरकार ने हाल ही में चालू किया है।

अभी तक हमारे अधिकांश ग्रामों में पीने के शुद्ध पानी की जो कमी है, उसे दूर करने के लिये स्वीकृत ग्रामीण योजनाओं का ५० प्रतिशत तक अनुदान के रूप में और शहरी इलाके में १०० प्रतिशत तक ऋण के रूप में सरकारी सहायता के तौर पर दिये जायेंगे।

सिंचाई की व्यवस्था में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। नर्मदा योजना द्वारा, जो ४३ करोड़ रुपये की है और जिसका उद्घाटन अप्रैल १९६१ में किया गया था, १० लाख एकड़ भूमि की सिंचाई होगी और उससे ५ लाख किलोवाट बिजली प्राप्त होगी।

राजस्थान नहर व्यवस्था की पहली नहर का उद्घाटन उप-राष्ट्रपति ने गत अक्तूबर में किया था। जब यह नहर पूर्ण हो जायगी और प्रयोग में आने लगेगी, इसके द्वारा राजस्थान की मरुभूमि भारत के सबसे बड़े धान्यागार में परिवर्तित हो जायगी।

मालदा होकर सिलीगुड़ी तक बड़ी लाइन के निर्माण से कलकत्ता और उत्तरी बंगाल में फिर से रेल का सम्बन्ध स्थापित हो गया है, जो विभाजन के कारण टूट गया था। पूर्वी भारत के औद्योगिक क्षेत्रों में चालू ७०० किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण हो गया है।

गत वर्ष दो महत्वपूर्ण शताब्दियां राष्ट्रीय पैमाने पर मनाई गईं। टैगोर शताब्दी के सम्बन्ध में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी में विश्व भर के प्रसिद्ध साहित्यकारों ने भाग लिया। सभी राज्यों की राजधानियों में टैगोर रंगमंच की स्थापना इस शताब्दी कार्यक्रम का अंग है।

भारतीय पुरातत्व विभाग ने भी अपनी शताब्दी मनाई और उसके द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय एशियाई पुरातत्व सम्मेलन ने संसार के विभिन्न भागों से विद्वानों को आकृष्ट किया। दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी ने हमारी सभ्यता के अटूट ऐतिहासिक क्रम को लोगों के सामने चित्रित किया और हमारे अतीत को खण्डहरों और जीर्ण अवशेषों की कहानी न बता कर उसे राष्ट्रीय गौरव और प्रेरणा के स्रोत का रूप दिया।

चीन के साथ भारत के उलझे हुए सम्बन्ध अभी तक सुलझे नहीं हैं। अधिकारियों की रिपोर्ट, जो मेरी सरकार ने १९६१ में संसद् के सामने रखी थी, अभी तक चीन में प्रकाशित नहीं हुई है।

१९५४ की हिन्द-तिब्बती संधि की अवधि २ जून १९६५ को समाप्त होती है। चीनी लोकतन्त्र सरकार ने इस सन्धि के स्थान में नई सन्धि के लिये बातचीत का सुझाव भेजा है। इसके उत्तर के रूप में मेरी सरकार ने उनसे आग्रह किया है कि हमारे पड़ोसी अपनी आक्रमणात्मक नीतियों को छोड़ दें जिससे कि पंचशील के सिद्धान्तों के आधार पर शान्ति का वातावरण फिर से स्थापित किया जा सके।

जैसा कि संसद् को विदित है, कांगो में संकट के समय, मेरी सरकार ने संयुक्त राष्ट्रों की सहायता के लिये पर्याप्त सैनिक दल भेजने का निश्चय किया था, यद्यपि ऐसा करना हमारे लिये भार-स्वरूप था और अभी भी है। हमारे सैनिकों और अफसरों ने उल्लेखनीय वीरता, अनुशासन, संयम और सब से बढ़ कर सद्भावना का परिचय दिया है। संयुक्त राष्ट्रों के अधिकारियों ने ही नहीं बल्कि सभी देशों के नागरिकों ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की है। निजी आवश्यकताओं की दृष्टि से हम इन सैनिकों को घर वापस बुलाना चाहेंगे, किन्तु मेरी सरकार महसूस करती है कि वे आवश्यक काम जिनके लिये भारतीय सैनिक बाहर भेजे गये थे अभी अधूरे रहते हैं और इसलिये जो सहायता हमने दी है उसे जारी रखना मेरी सरकार ने मंजूर किया है, यद्यपि हमारे जवानों को कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ रहा है। जो लोग बहुत समय से अफ्रीका में हैं उनकी बदली के लिये मेरी सरकार ने आवश्यक कदम उठाये हैं। मेरी सरकार को इस बात से भी सन्तोष हुआ है कि इस मामले में पश्चिमी शक्तियों और सोवियत संघ के बीच संयुक्त राष्ट्र में सहयोग के कुछ लक्षण दिखाई देने लगे हैं।

मेरी सरकार के लिये यह भारी सन्तोष और सुख का विषय है कि अल्जीरिया में स्वाधीनता के आधार पर समझौते की ओर कदम उठाये गये हैं। हिंसा के कारण वहां जान का भारी नुकसान हो रहा है और उससे मेरी सरकार को बहुत क्षोभ हुआ है और इसलिये वह अल्जीरिया और दि-गौल के पारस्परिक प्रयत्नों के सफल परिणाम की उत्सुकता के साथ प्रतीक्षा कर रही है। मेरी सरकार बार बार अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुकी है कि शान्तिपूर्ण समझौते का एकमात्र आधार अल्जीरियन लोगों की स्वाधीनता है और स्थायी शांति अहिंसात्मक शान्तिपूर्ण उपायों द्वारा ही स्थापित हो सकती है।

भारत को १८-राष्ट्र निःशस्त्रीकरण समिति का सदस्य चुना गया है। जिन नीतियों का इस समझौते में अनुसरण किया जायेगा, और इस दिशा में हमने अभी तक जो योगदान दिया है उससे परिस्थितियों के सुलझने में सहायता मिलेगी, एक शान्तिपूर्ण देश के रूप में और संसार में शान्ति के लिये उत्सुक क्षेत्रों में विस्तार में, सम्भव है, हम इस समझौते में भाग लेकर शान्तिपूर्ण समझौते और पारस्परिक मेल-मिलाप की भावना को बढ़ावा दे सकें, इस आशा से मेरी सरकार ने इस कठिन दायित्व को स्वीकार किया है। इस बीच में मेरी सरकार सभी दिशाओं में संसार भर में तनाव की भावना को कम करने के लिये भरसक प्रयत्न करेगी। मेरी सरकार सरकार को आशा है कि निःशस्त्रीकरण सम्बन्धी बातचीत, कठिनाइयों के बावजूद, हमें युद्ध-विहीन विश्व की ओर ले जायगी, जो हमारा ध्येय और नीति है।

जनीवा में होने वाले लाओस सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और अन्तर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण आयोग में मेरी सरकार बराबर भाग ले रही है। हम बराबर इस नीति को अपनाते रहे हैं कि लाओस की समस्या को राष्ट्रीय स्वाधीनता और वहां के लोगों तथा सरकार को सभी सम्बद्ध राष्ट्रों द्वारा आश्वस्त तटस्थता की नीति का अवलम्बन करने की पूर्ण स्वाधीनता के आधार पर

सुलझाया जा सकता है। यद्यपि यह समस्या अभी हल करनी रहती है, इस बात के लक्षण दिखाई देते हैं कि सुविख्यात राजनीतिज्ञ राजकुमार सुवन्नफूम के प्रधानमन्त्रित्व में इन सिद्धान्तों के आधार पर लाओस सरकार का निर्माण किया जा सकेगा। शान्ति के हित में हम वियेतनाम और कम्बोडिया के अन्तर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण आयोग में बराबर भाग ले रहे हैं।

मेरी सरकार गाजा में संयुक्त राष्ट्रीय आपत्कालिक सैन्य दल में भी भाग ले रही है। इस दल में एक भारतीय टुकड़ी भी शामिल है।

स्वाधीन राष्ट्रों की पंक्ति में हम कई एक अफ्रीकी देशों का स्वागत करते हैं, जिनमें भूतपूर्व फ्रैंच कलोनियल अफ्रीका के बहुत से राज्य, भूतपूर्व अंग्रेजी भूभाग सीराल्योन और ब्रिटिश शासनाधिकार में भूतपूर्व मैंडेटेड टेरेटरी टांगानीका शामिल हैं।

हमने सीरिया, सैनिगल और टांगानीका में अपने राजनयिक प्रतिनिधि नियुक्त किये हैं और कुवैत तथा उत्तर और दक्षिण कोरिया के साथ, जिनके प्रतिनिधि हमारे देश का दौरा कर चुके हैं, व्यापार सम्बन्ध स्थापित किये हैं।

स्वाधीन राष्ट्र के रूप में हम पश्चिमी सामोआ के उदय का स्वागत करते हैं।

अणुशक्ति के शान्तिपूर्ण उपयोगों के सम्बन्ध में मेरी सरकार ने सोवियत संघ के साथ सन्धि की है।

सोवयत संघ के राष्ट्रपति, मलाया के सम्राट् और सम्राज्ञी, नेपाल के सम्राट् महेन्द्र, अर्जनटाइना के राष्ट्रपति फ्रोंडिजी, पोलैंड के राष्ट्रपति जवादस्की, संयुक्तराष्ट्र अमेरिका और संयुक्त अरब राष्ट्र के उपराष्ट्रपति, डेन्मार्क, हंगरी, जापान, ट्रिनीदाद और बर्मा के प्रधान मन्त्रियों ने भारत की यात्रा की और हमारे प्रधान मन्त्री के साथ पारस्परिक हितों के विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में बातचीत की। फ्रांस के परराष्ट्र मन्त्री और सयुक्त राष्ट्र अमेरिका से सेक्रेटरी आफ स्टेट भी भारत आये और उन्होंने हमारे प्रधान मन्त्री से बातचीत की।

हिन्द-पाकिस्तान के सम्बन्धों में सुधार के लक्षण दिखाई नहीं दिये हैं। हमने पाकिस्तान सरकार के साथ "युद्ध नहीं" सन्धि पर हस्ताक्षर करने का सुझाव दोहराया। हाल में पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा परिषद् से कश्मीर के प्रश्न पर विवाद करने के लिये प्रार्थना की, यद्यपि उन्होंने अपनी सेनाओं को हटा लेने और युद्ध-बन्दी रेखा के दूसरी तरफ हिंसात्मक गतिविधि बन्द करने और कश्मीर के अन्दर शान्ति-विरोधी शक्तियों की सहायता न करने सम्बन्धी उन समझौतों पर जो उन्होंने हमारे साथ तथा संयुक्तराष्ट्र के साथ किये थे किसी भी प्रकार न अमल किया है और न उनके प्रति कोई आदर दर्शाया है। किन्तु सुरक्षा परिषद् ने पाकिस्तान की प्रार्थना पर विचार स्थगित रखा है।

जैसा कि संसद् जानती है, १४ वर्षों तक धैर्यपूर्ण बातचीत और प्रतीक्षा के बाद, हमारे देश की भूमि पर स्थापित पुर्तगाली उपनिवेशवाद की समस्या को सुलझाने का पुर्तगाल के मित्रों को पूर्ण अवसर दे चुकने के बाद, भारत सरकार को शान्ति के हित में, भारत की एकता के हित में और देश में अरोध्य जनमत के अनुसार देश की भूमि पर पुर्तगाली उपनिवेशवाद का अन्त करने के लिये, कार्यवाही करनी पड़ी। पुर्तगाल द्वारा नग्न हिंसा जिसमें हमारे व्यापारी बेड़े पर गोली चलाना, हमारे देशवासियों की हत्या करना और हमारी भूमि पर आक्रमण करना भी शामिल है, इन कार्यवाहियों के कारण यह समस्या भड़क उठी। यद्यपि कुछ देशों ने भ्रान्तिपूर्ण आलोचना की है, फिर भी संसार के अन्य राष्ट्रों ने हमारी कार्यवाही की प्रशंसा की है, और निश्चय ही सब देशों की जनसंख्या ने पुर्तगाली उपनिवेशवाद का संसार के कम से कम एक भाग में अन्त का स्वागत किया है।

आप सब संसद् सदस्यों के समान ही मुझे भी इस बात की खुशी है कि गोआ-सम्बन्धी कार्यवाही लगभग रक्तपात के बिना, और जहां तक वहां की गैरसैनिक जनसंख्या का सम्बन्ध है, जिसमें हमारे देशवासी और अन्य लोग भी शामिल हैं, पूर्णरूप से हिंसा के बिना, की जा सकी। गोआ पर सिविल कानून के अन्तर्गत मिलिट्री गवर्नर का शासन है और भारतीय संघ के अविभाज्य अंग के रूप में उन भूभागों की स्थिति को वैधानिक रूप देनेके लिये संसद् के इस सत्र के सामने एक विधेयक रखा जायेगा हमने गोआ की जनता और संसार को बार बार आश्वासन दिया है कि ऐतिहासिक कारणों से जो विशेषता इस प्रदेश को प्राप्त है, उसका हमारे संविधान के मौलिक तत्वों की सीमा में सदा आदर किया जाएगा और जो भी परिवर्तन हो वह रचनात्मक तथा निर्विघ्न होगा। पहले के पुर्तगाली उपनिवेश के लोगों को हमारे संविधान के आधारभूत अधिकारों और मौलिक सिद्धान्तों के अनुसार संरक्षण प्राप्त है। मेरी सरकार इस विषय पर इसी संसद् के इसी सत्र में एक विधेयक पेश करना चाहती है।

मेरी सरकार ने भूटान के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिये तृतीय पंचवर्षीय योजना में सत्रह करोड़ रुपये की सहायता देना स्वीकार किया है। स्वयं भूटान की सरकार के तथा सीमा-सड़क विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत यातायात को सबसे प्रमुख स्थान मिल रहा है। आशा की जाती है कि इस वर्ष भूटान में मोटर यातायात स्थापित करना सम्भव होगा। मेरी सरकार को इस बात से खुशी है कि इन सभी विकास कार्यों में भूटान की सरकार ने पहल की है जिसमें मेरी सरकार पूरा सहयोग दे रही है।

आर्थिक चालू वर्ष १९६२–६३ के लिये भारत सरकार का अनुमानित आय-व्यय का ब्यौरा इस वर्ष के एक भाग के व्यय का अधिकार देने के लिए आपके सामने पेश किया जायेगा।

संसद् का यह अधिवेशन बहुत ही छोटा होगा और इसलिये केवल आवश्यक विधान ही इस सत्र में हाथ में लिया जायेगा। कुछ अध्यादेश जो पिछले सत्र के बाद जारी किये गये थे, संसद् के सामने रक्खे जायेंगे।

आम चुनाव अब पूरे हो चुके हैं। संसद् के सदस्यगण, मैं भी आपकी खुशी में अपनी प्रसन्नता की यह ध्वनि मिलाना चाहूंगा कि इतना बड़ा मताधिकार शान्तिपूर्ण, व्यवस्थित और हमारे संविधान की प्रक्रियाओं के अनुसार सम्पन्न हुआ है। हमने अपने लिये एक उदाहरण स्थापित किया है और अप्रत्यक्ष रूप से लोकतन्त्रात्मक शासन प्रणाली में संसार की आस्था को बढ़ाया है।

चुनाव के परिणामस्वरूप मेरी सरकार को अपनी आन्तरिक तथा विदेश नीतियों के प्रति विशेष विश्वास प्राप्त हुआ है और इस बात का उसे फिर से अधिकृत आदेश मिला है कि दूर गांवों में भी आम चुनावों के आधार पर जनतन्त्रात्मक पद्धति के द्वारा लोकतन्त्रात्मक समाजवाद की स्थापना के लिये फिर से वह कठिन अध्यवसाय के साथ और तेजी से प्रयत्नशील हो ताकि लोकतन्त्र एक वास्तविकता बन जाय। राष्ट्रीय एकता और तटस्थ नीति द्वारा विश्वशान्ति शान्तिपूर्ण तरीकों से समस्याओं का निराकरण, तनाव कम करने और समझौते द्वारा समस्याओं को हल करने की नीतियों का राष्ट्र ने पुनः समर्थन किया है। यह पुनर्विश्वास और आस्था जो लोगों ने मेरी सरकार के प्रति और उसकी आन्तरिक तथा विदेश नीति के प्रति, जिसे अनेक बार संसद् का समर्थन प्राप्त हो चुका है और चुनाव से पहले जिसको देशव्यापी विवेचन हो चुका है, सरकार की नीतियों को सुदृढ़ बनाती है और इसके द्वारा मेरी सरकार पर राष्ट्रीय आदेश के रूप में यह दायित्व आता है कि वह दृढ़ता से इन नीतियों को कार्यान्वित करे।

संसद् के सदस्यगण, अब मैं आपसे विदा लेता हूं। मुझे विश्वास है कि आप में से जो लोग पुनः संसद् सदस्य के रूप में यहां नहीं आयेंगे, वे राष्ट्रीय प्रवृत्तियों के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य में

लगे रहेंगे। यह कार्य हमारे जनतन्त्र की प्रगति, समाजवादी समाज के निर्माण तथा संसार में शान्ति की स्थापना के लिये बहुत आवश्यक है। आपमें से जिन्हें इन वैधानिक प्रवृत्तियों को चालू रखने के लिए जनमत का आदेश मिल गया है, वे अपने कठिन किन्तु रचनात्मक और राष्ट्र निर्माण के फलदायी प्रयास को जारी रखने के लिये उन्हीं के साथ शामिल हो जायेंगे जो पहली बार संसद् में आ रहे हैं।

थोड़े ही समय बाद एक नई संसद् का उद्घाटन होगा और पूर्व वर्षों की तरह ही किन्तु नवीन उत्साह और नवोदित शक्ति के साथ आप तथा वे सभी हमारे संविधान के मौलिक सिद्धान्तों की स्थापना और उन्हें अधिकाधिक कार्यरूप देने के लिये प्रयत्नशील रहेंगे।

वे मौलिक सिद्धान्त इस प्रकार हैं:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतन्त्रता,

प्रतिष्ठा और अवसर की समता;

सभी नागरिकों के बीच भ्रातृभाव को प्रोत्साहन जिसके द्वारा

व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की

एकता सुनिश्चित हो।

ये सिद्धान्त अपने पूर्ण अर्थों समेत हाल के शिक्षाप्रद और महान् चुनावों के समय मेरी सरकार द्वारा समस्त राष्ट्र के सामने रख दिये गये थे।

आप जहां कहीं भी हों, मैं आपकी सफलता और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति

†**सचिव** : मैं ८ दिसम्बर, १९६१ को सभा को दिये गये अन्तिम प्रतिवेदन के बाद संसद् की दोनों सभाओं द्वारा गत अधिवेशन में पास किये गये और राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त निम्नलिखित विधेयक सभा पटल पर रखता हूं।

(१) उच्च न्यायालय न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, १९६१

(२) विनियोग (रेलवे) संख्या ४ विधेयक, १९६१

(३) भारतीय प्रशुल्क (संशोधन) विधेयक, १९६१

(४) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९६१

मैं ८ दिसम्बर, १९६१ को सभा को दिये गये अन्तिम प्रतिवेदन के बाद संसद् की दोनों सभाओं द्वारा गत अधिवेशन में पास किये गये और राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त तथा राज्य सभा के सचिव द्वारा विधिवत् प्रमाणित विधेयकों की प्रतियां भी पटल पर रखता हूं :—

(१) जमा धन बीमा निगम विधेयक, १९६१

(२) काफी (संशोधन) विधेयक, १९६१

(३) असम नगरपालिका (मनीपुर संशोधन) विधेयक, १९६१

†मूल अंग्रेजी में

(४) उद्योग (विकास तथा विनियमन) संशोधन विधेयक, १९६१ .

(५) शिक्षु विधेयक, १९६१ .

(६) प्रसूति लाभ विधेयक, १९६१ . . .

(७) चीनी (उत्पादन का विनियमन) विधेयक, १९६१ .

(८) लोह अयस्क खान श्रमिक कल्याण उपकर विधेयक, १९६१ .

(९) प्रोद्योगिकी संस्थायें विधेयक, १९६१ . .

(१०) विश्व भारती (संशोधन) विधेयक, १९६१ . . .

(११) दिल्ली विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, १९६१ . .

(१२) संविधान (ग्यारहवां संशोधन) विधेयक, १९६१ . .

सभा पटल पर रखे गये पत्र

तृतीय वित्त आयोग का प्रतिवेदन

†**वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैं संविधान के अनुच्छेद २८१ के अन्तर्गत तृतीय वित्त आयोग के प्रतिवेदन की एक प्रति उस पर की गई कार्यवाही संबंधी व्याख्यात्मक ज्ञापन सहित सभा पटल पर रखता हूं। **(पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी ३४५२/६२)**

पंजाब आयोग का प्रतिवेदन

†**गृह-कार्य मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री)**: मैं भारत सरकार द्वारा श्री एस० आर० दास की अध्यक्षता में नियुक्त किये गये पंजाब आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी ३४५३/६२]**

भारतीय तार अधिनियम १८८५ के अधीन अधिसूचनायें

†**परिवहन तथा संचार मंत्री (डा० प० सुब्बरायन्)** : मैं भारतीय तार विधेयक, १८८५ की धारा ७ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत, भारतीय तार नियम, १९५१ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक एक प्रति :—

(एक) दिनांक ४ मार्च, १९६१ की एस० ओ० संख्या ४९२।

(दो) दिनांक २३ दिसम्बर, १९६१ की एस० ओ० संख्या ३०२०।

(तीन) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की जी० एस० आर० संख्या ३७।

(चार) दिनांक २७ जनवरी, १९६२ की जी० एस० आर० संख्या ११७।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५४/६२]

राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश

†**संसद् कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह)**: मैं संविधान के अनुच्छेद १२३(२) (क) के उपबन्धों के अन्तर्गत दूसरी लोक-सभा के पन्द्रहवें अधिवेशन की समाप्ति के बाद राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित निम्नलिखित अध्यादेशों की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

---

†मूल अंग्रेजी में

(एक) अधिवक्ता (संशोधन) अध्यादेश, १९६२ (१९६२ का संख्या १)

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५५/६२]

(दो) गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) अध्यादेश, १९६२ (१९६२ का संख्या २)

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५६/६२]

खाद्य अपमिश्रण रोक अधिनियम १९५४ के अधीन अधिसूचनायें

†**स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर)**: मैं निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) खाद्य अपमिश्रण रोक अधिनियम १९५४, की धारा २४ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत त्रिपुरा खाद्य अपमिश्रण रोक नियम, १९५८ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक १५ नवम्बर, १९६१ के त्रिपुरा गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ० ५(१४) एम पी एच/५९ ।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५७/६२]

(दो) खाद्य अपमिश्रण रोक अधिनियम, १९५४ की धारा २३ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४९ में प्रकाशित खाद्य अपमिश्रण रोक (संशोधन) नियम, १९६२ ।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५८/६२]

भारतीय कृषि गवेषणा परिषद का वार्षिक प्रतिवेदन

†**कृषि मंत्री (डा० पं० शा० देशमुख)** : मैं भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की वर्ष १९६०–६१ का वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४५९/५२]

संघ लोक सेवा आयोग परामर्श से छूट विनियमन १९५८, अन्तराज्यीय निगम अधिनियम १९५७, अखिल भारतीय सेवायें अधिनियम १९५१ दिल्ली नगर निगम अधिनियम १९५७ तथा दिल्ली (नगरीय क्षेत्र) किरायेदार सहायता अधिनियम

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दातार): मैं संविधान के अनुच्छेद ३२० के खंड (५) के अन्तर्गत संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, १९५८ में कुछ संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :

(क) दिनांक १० दिसम्बर, १९६० की जी० एस० आर० संख्या १४६१ ।

(ख) दिनांक ३ जून, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या ७३१ ।

(ग) दिनांक २६ अगस्त, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १०४७ ।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४६२/६२]

अन्तर्राज्यीय निगम अधिनियम १९५७ की धारा ४ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत निम्नलिखित आदेशों की एक एक प्रति :—

(क) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३६० में प्रकाशित और दिनांक २ दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४१७ द्वारा संशोधित हैदराबाद नर्सें, दाइयां और स्वास्थ्य परिदर्शक परिषद्, (पुनर्रचना और पुनर्गठन) आदेश, १९६१ ।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० ३४६१/६२]

---

†मूल अंग्रेजी में ।

(ख) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३६१ में प्रकाशित बम्बई राज्य दन्त-चिकित्सा परिषद् (पुनर्रचना और पुनर्गठन) आदेश, १९६१ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६२/६२]

अखिल भारतीय सेवायें, अधिनियम १९५१ की धारा ३ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक एक प्रति :—

(क) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७ में प्रकाशित भारतीय प्रशासन सेवा (प्रतियोगिता परीक्षाओं द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, १९६१ ।

(ख) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ८ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, १९६१ ।

(ग) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ९ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, १९६१ ।

(घ) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १० में प्रकाशित भारतीय प्रशासन सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, १९६१ ।

(ङ) दिनांक २० जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७६ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (परीवीक्षा) संशोधन नियम, १९६२ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६३/६२]

दिल्ली नगर निगम अधिनियम १९५७ की धारा ४७९ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३ जनवरी, १९६२ के दिल्ली गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या १९/२१/६०—दिल्ली की एक प्रति जिसमें दिल्ली नगर निगम (कौंसिलरों का निर्वाचन) नियम, १९६२ दिये हुए हैं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६४/६२]

दिल्ली (नगरी क्षेत्र) किरायेदार सहायता अधिनियम, १९६१ की धारा ८ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दनांक ४ दिसम्बर, १९६१ के दिल्ली गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ० ३—ए/एल आर ओ/६१ की एक प्रति, जिस में दिल्ली (नगर क्षेत्र) किरायेदार सहायता नियम, १९६१ दिये हुए हैं ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६५/६२]

नारियल जटा अधिनियम १९५३ के अधीन प्रतिवेदन, प्रशुल्क आयोग १९५१ के अधीन पत्र, जम्मू तथा काश्मीर राज्य के औद्योगिक सर्वेक्षण का प्रतिवेदन और नमक उपकर अधिनियम १९५३ के अधीन अधिसूचनायें

†**उद्योग मंत्री (श्री मनुभाई शाह)** : मैं नारियल जटा उद्योग अधिनियम, १९५३ की धारा १९ की उप-धारा (१) के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक एक प्रति :—

(क) वर्ष १९६०—६१ के लिये नारियल-जटा बोर्ड के कार्यों और नारियल-जटा उद्योग एक्ट, १९५३ के संचालन पर वार्षिक प्रतिवेदन ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी ३४६६/६२]

---

†मूल अंग्रेजी में

(ख) १ अप्रैल से ३० सितम्बर, १९६१ तक की अवधि के लिये नारियल-जटा बोर्ड के कार्यों और नारियल-जटा उद्योग अधिनियम, १९५३ के संचालन पर छमाही प्रतिवेदन । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६७/६२]**

प्रशुल्क आयोग अधिनियम, १९५१ की धारा १६ की उपधारा (२) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति :—

(क) सोडा एश उद्योग का संरक्षण जारी रखने के सम्बन्ध में प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (१९६१) के सोडा एश के विक्रय मूल्यों से सम्बन्धित पैरा १५, १६, १८(X) से १८ (XII) ।

(ख) दिनांक ५ जनवरी, १९६२ का सरकारी संकल्प संख्या सी एच (१)–६(९)/६१ । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६८/६२]**

(ग) कैल्शियम कार्बाईड उद्योग का संरक्षण जारी रखने के सम्बन्ध में प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (१९६१) के कैल्शियम कारबाईड के मूल्यों के सम्बन्धित पैरा १५, १६, १७.१० और १७.११ ।

(घ) दिनांक ५ जनवरी, १९६२ का सरकारी संकल्प संख्या सी एच (१)–३(२)/६१ ।

(ङ) उक्त उप-धारा में निर्धारित अवधि के भीतर उपरोक्त (ग) और (घ) में उल्लिखित पत्रों की प्रतियां क्यों नहीं रखी जा सकीं इसके कारण बताने वाला वक्तव्य । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४६९/६२]**

(१४) जम्मू और काश्मीर राज्य के औद्योगिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट की एक प्रति । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७०/६२]**

नमक उप-कर अधिनियम, १९५३ की धारा ६ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक ३ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३७ में प्रकाशित लाइसेंस प्राप्त नमक निर्माताओं को ऋण देना (संशोधन) नियम, १९६२ की एक प्रति । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी ३४७१/६२]**

सालारजंग संग्रहालय अधिनियम १९६१

†**वैज्ञानिक गवेषणा और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून कबिर)** : मैं सालारजंग संग्रहालय अधिनियम, १९६१ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक ३० दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १५३२ में प्रकाशित सालारजंग संग्रहालय नियम, १९६१ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । एल० टी० ३४७२/६२]**

कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ के अधीन अधिसूचनायें

†**श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली)** : मैं कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ की धारा ७ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत कर्मचारी भविष्य निधि योजना, १९५२ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५६ ।
(ख) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५७ ।
(ग) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५९ ।

---

†मूल अंग्रेजी में

(घ) दिनांक २२ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १५१३ ।

(ङ) दिनांक २० दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या ९८ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७३/६२]

(१८) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ को कुछ गन्ने के फार्मों पर लागू करने वाली दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४५८ की एक प्रति ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७४/६२]

पशुओं के प्रति निर्दयता निवारण (पशु कल्याण बोर्ड के लिये सदस्यों का निर्वाचन) नियम, १९६१

†**डा० पं० शा० देशमुख** : मैं पशुओं के प्रति निदर्यता निवारण अधिनियम, १९६० की धारा ३८ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक २३ दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ३०१५ में प्रकाशित पशुओं के प्रति निदर्यता निवारण (पशु कल्याण बोर्ड के लिये सदस्यों का निर्वाचन) नियम, १९६१ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७५/६२]**

रेलवे दुर्घटना क्षतिपूर्ति नियम १९५०

†**रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : मैं (२०) भारतीय रेलवे अधिनियम, १८९० की धारा ८२ जे की उप-धारा (३) के अन्तर्गत रेलवे दुर्घटना (क्षतिपूर्ति) नियम, १९५० (आज तक संशोधित रूप में) की एक प्रति । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७६/६२]**

चावल कूटना उद्योग (विनियम और लाइसेंस देना) संशोधन नियम १९६१, चीनी (उत्पादन का विनियमन) नियम, १९६२ और चीनी (उत्पादन का विनियम) संशोधन नियम, १९६२

†**खाद्य तथा कृषि उपमंत्री (श्री अ० मु० थामस)** : मैं चावल कूटना उद्योग (विनियमन) अधिनियम, १९५८ की धारा २२ को उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक २० फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ९३ में प्रकाशित चावल कूटना उद्योग (विनियमन और लाइसेंस देना) संशोधन नियम, १९६१ की एक प्रति । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७७/६२]**

चीनी (उत्पादन का विनियमन) अधिनियम, १९६१ की धारा ७ की उपधारा (४) के अन्तर्गत निम्नलिखित नियमों की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक १५ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७२ में प्रकाशित चीनी (उत्पादन का विनियमन) नियम, १९६२ ।

(ख) दिनांक १४ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० २१८ में प्रकाशित चीनी (उत्पादन का विनियमन) संशोधन नियम, १९६२ ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७८/६२]

---

†मूल अंग्रेजी में

जून १९६० और जुलाई १९६१ के बीच हुए उपनिर्वाचनों के परिणामों का प्रतिवेदन और निर्वाचन का संचालन (संशोधन) नियम, १९६२

†**विधि मंत्री (श्री अ० कु० सेन)** : मैं श्री हजरनवीस की ओर से निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

(एक) जून १९६० और जुलाई १९६१ के बीच हुए उपनिर्वाचनों के परिणामों का प्रतिवेदन । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४७९/६२]**

(दो) लोक प्रतिनिधित्व, १९५१ की धारा १६९ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक २७ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ५९७ में प्रकाशित निर्वाचन का संचालन (संशोधन) नियम, १९६२ । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४८०/६२]**

सरकारी बचत प्रमाण पत्र (तीसरा संशोधन) नियम, १९६१ और डाकघर बचत प्रमाण पत्र (चौथा संशोधन) नियम, १९६१

†**वित्त उपमंत्री (श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा)** : मैं सरकारी बचत, प्रमाण पत्र अधिनियम १९५९ की धारा १२ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत निम्नलिखित नियमों की एक-एक प्रति पटल पर रखती हूं ।

(एक) दिनांक ७ अक्तूबर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२२५ में प्रकाशित डाक-घर बचत प्रमाण पत्र (तीसरा संशोधन) नियम, १९६१ ।

(दो) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३५५ में प्रकाशित डाक-घर बचत प्रमाण पत्र (चौथा संशोधन) नियम, १९६१ । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४८१/६२]**

कर्मचारी भविष्य निधि (तेरहवां संशोधन) योजना, १९६१

श्री आबिद अली : मैं (२५) कर्मचारी भविष्य निधि एक्ट, १९५२ की धारा ७ की उपधारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३० दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ३०८७ में प्रकाशित कर्मचारी भविष्य निधि (तेरहवां संशोधन) योजना, १९६१ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० ३४८२/६२]**

सदस्यों द्वारा त्यागपत्र

†**अध्यक्ष महोदय** : मुझे लोक सभा को यह सूचना देनी है कि निम्नलिखित सदस्यों ने लोक सभा में अपने स्थान से त्यागपत्र दे दिया है :

(१) श्री हूवर हाइनीटा	२४-१०-१९६१
(२) श्री सादत अली खां	२३-१२-१९६१
(३) श्री रणवीर सिंह चौधरी	१०-३-१९६२

संविधान (बारहवां संशोधन) विधेयक

†**प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू)** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि संविधान में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

---

†मूल अंग्रेजी में ।

†**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि संविधान में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

†**श्री जवाहर लाल नेहरू** : मैं विधेयक को पुरस्थापित करता हूं ।

गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) विधेयक, १९६२

†**श्री जवाहरलाल नेहरू** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि गोआ, दमन और दीव के संघ राज्य-क्षेत्र के प्रशासन तथा तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

†**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि गोआ, दमन और दीव के संघ राज्य-क्षेत्र के प्रशासन तथा तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

†**श्री जवाहरलाल नेहरू** : मैं विधेयक को पुरस्थापित करता हूं ।

अध्यादेश के बारे में विवरण

†**वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्रीमती लक्ष्मी मेनन)** : मैं लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन संबंधी नियमों के नियम ७१(१) के अन्तर्गत अपेक्षित गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) अध्यादेश, १९६२ द्वारा तत्काल विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला व्याख्यात्मक वक्तव्य सभा पटल पर रखती हूं । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या १]**

अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक

†**विधि मंत्री (श्री अ० कु० सेन)** : मैं प्रस्ताव करता हूं कि अधिवक्ता अधिनियम १९६१ में संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

†**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि अधिवक्ता अधिनियम, १९६१ में संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

†**श्री अ० कु० सेन** : मैं विधेयक को पुरस्थापित करता हूं :

अध्यादेश के बारे में विवरण

†**श्री अ० कु० सेन** : मैं लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन संबंधी नियमों के नियम ७१(१) के अन्तर्गत अपेक्षित अधिवक्ता (संशोधन) अध्यादेश, १९६२ द्वारा तत्काल विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला व्याख्यात्मक विवरण सभा पटल पर रखता हूं । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या २]**

इसके पश्चात् लोक सभा मंगलवार, १३ मार्च, १९६२/२२ फाल्गुन, १८८३ (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

---

†मूल अंग्रेजी में

दैनिक संक्षेपिका

सोमवार, १२ मार्च, १९६२

२१ फाल्गुन, १८८३ (शक)

विषय . पृष्ठ

राष्ट्रपति का अभिभाषण--सभा पटल पर रखा गया . . . १—८

सचिव ने १२ मार्च, १९६२ को एक साथ समवेत संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष दिये गये राष्ट्रपति के अभिभाषण की एक प्रति सभा पटल पर रखी।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति ८–९

(१) उच्च न्यायालय न्यायाधीश (सेवा की शर्तें) संशोधन विधेयक, १९६१

(२) विनियोग (रेलवे) संख्या ४ विधेयक १९६१

(३) भारतीय प्रशुल्क (विधेयक १९६१

(४) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९६१

(५) जमा धन बीमा निगम विधेयक, १९६१

(६) कॉफी (संशोधन) विधेयक, १९६१

(७) असम नगरपालिका (मनीपुर संशोधन) विधेयक, १९६१

(८) उद्योग (विकास तथा विनियमन) संशोधन विधेयक, १९६१

(९) शिशिक्षु विधेयक, १९६१

(१०) प्रसूति लाभ विधेयक १९६१

(११) चीनी (उत्पादन का विनियमन) विधेयक, १९६१

(१२) लोह अयस्क खान श्रमिक कल्याण उपकर विधेयक, १९६१

(१३) प्रोद्योगिक संस्थायें विधेयक, १९६१

(१४) विश्वभारती (संशोधन) विधेयक, १९६१

(१५) दिल्ली विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, १९६१

(१६) संविधान (ग्यारहवां संशोधन) विधेयक, १९६१

सभा पटल पर रखे गये पत्र . . . . . ९—१५

(१) संविधान के अनुच्छेद २८१ के अन्तर्गत तृतीय वित्त आयोग का प्रतिवेदन की एक प्रति उस पर की गई कार्यवाही संबंधी व्याख्यात्मक ज्ञापन सहित।

(२) भारत सरकार द्वारा श्री एस० आर० दास की अध्यक्षता में नियुक्त किये गये पंजाब आयोग का प्रतिवेदन की एक प्रति।

विषय पृष्ठ

(३) भारतीय तार अधिनियम, १८८५ की धारा ७ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत, भारतीय तार नियम, १९५१ में कुछ और संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक ४ मार्च, १९६१ की एस० ओ० संख्या ४९२ ।

(दो) दिनांक २३ दिसम्बर, १९६१ की एस० ओ० संख्या ३०२० ।

(तीन) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की जी० एस० आर० संख्या ३७ ।

(चार) दिनांक २७ जनवरी, १९६२ की जी० एस० आर० संख्या ११७ ।

(४) संविधान के अनुच्छेद १२३(२) (क) के उपबन्धो के अन्तर्गत दूसरी लोक-सभा के पन्द्रहवें सत्र की समाप्ति के बाद राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति :—

(एक) अधिवक्ता (संशोधन) अध्यादेश, १९६२ (१९६२ का संख्या १)

(दो) गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) अध्यादेश, १९६२ (१९६२ का संख्या २)

(५) निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) खाद्य अपमिश्रण रोक अधिनियम, १९५४ की धारा २४ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत त्रिपुरा खाद्य अपमिश्रण रोक नियम, १९५८ में कुछ और संशोधन करने वाली दिनांक १५ नवम्बर, १९६१ के त्रिपुरा गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ० ५(१४) एम पी एच/५९ ।

(दो) खाद्य अपमिश्रण रोक अधिनियम, १९५४ की धारा २३ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४९ में प्रकाशित खाद्य अपमिश्रण रोक (संशोधन) नियम, १९६२ ।

(६) भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की वर्ष १९६०-६१ की वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति ।

(७) संविधान के अनुच्छेद ३२० के खण्ड (५) के अन्तर्गत संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छट) विनियम, १९५८ में कुछ संशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक १० दिसम्बर, १९६० की जी० एस० आर० संख्या १४६१ ।

(ख) दिनांक ३ जून, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या ७३१ ।

(ग) दिनांक २६ अगस्त, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १०४७ ।

(८) अन्तर्राज्य निगम अधिनियम, १९५७ की धारा ४ की उप-धारा (५) के अन्तर्गत निम्नलिखित आदेशों की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३६० में प्रकाशित और दिनांक २ दिसम्बर, १९६१ की

विषय पृष्ठ

अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४१७ द्वारा संशोधित हैदराबाद नर्सें, दाइयां और स्वास्थ्य परिदर्शक परिषद् (पुनर्रचना और पुनर्गठन) आदेश, १९६१ ।

(ख) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३६१ में प्रकाशित बम्बई राज्य दन्त-चिकित्सा परिषद् (पुनर्रचना और पुनर्गठन) आदेश, १९६१ ।

(९) अखिल भारतीय सेवायें अधिनियम, १९५१ की धारा ३ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७ में प्रकाशित भारतीय प्रशासन सेवा (प्रतियोगिता परीक्षाओं द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, १९६१ ।

(ख) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ८ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति) संशोधन विनियम, १९६१ ।

(ग) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ९ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, १९६१ ।

(घ) दिनांक ६ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १० में प्रकाशित भारतीय प्रशासन सेवा (भर्ती) संशोधन नियम, १९६१ ।

(ङ) दिनांक २० जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७६ में प्रकाशित भारतीय पुलिस सेवा (परीविक्षा) संशोधन नियम, १९६२ ।

(१०) दिल्ली नगर निगम अधिनियम, १९५७ की धारा ४७९ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३ जनवरी, १९६२ के दिल्ली गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या १९/२१/६०—दिल्ली की एक प्रति, जिसमें दिल्ली नगर निगम (कौंसिलरों का निर्वाचन) नियम, १९६२ दिये हुए हैं ।

(११) दिल्ली (नगरी क्षेत्र) किरायेदार सहायता अधिनियम, १९६१ की धारा ८ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ४ दिसम्बर, १९६१ के दिल्ली गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ० ३-ए/एल आर ओ/६१ की एक प्रति, जिसमें दिल्ली (नगर क्षेत्र) किरायेदार सहायता नियम, १९६१ दिये हुए हैं ।

(१२) नारियल-जटा उद्योग अधिनियम, १९५३ की धारा १९ की उप-धारा (१) के अन्तर्गत निम्नलिखित रिपोर्टों की एक-एक प्रति :—

(क) वर्ष १९६०-६१ के लिये नारियल-जटा बोर्ड के कार्यों और नारियल-जटा उद्योग अधिनियम, १९५३ के संचालन पर वार्षिक रिपोर्ट ।

विषय पृष्ठ

(ख) १ अप्रैल से ३० सितम्बर, १९६१ तक की अवधि के लिये नारियल जटा बोर्ड के कार्यों और नारियल-जटा उद्योग अधिनियम, १९५३ के संचालन पर छमाही प्रतिवेदन ।

(१३) प्रशुल्क आयोग अधिनियम, १९५१ की धारा १६ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति :—

(क) सोडा एश उद्योग का संरक्षण जारी रखने के सम्बन्ध में प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (१९६१) के सोडा एश के विक्रय मूल्यों से सम्बन्धित पैरा १५, १६, १८(१०) से १८(१२) ।

(ख) दिनांक ५ जनवरी, १९६२ का सरकारी संकल्प संख्या सी एच (१)–६(९)/६१ ।

(ग) कैलशियम कार्बाइड उद्योग का संरक्षण जारी रखने के सम्बन्ध में प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (१९६१) के कैलशियम कार्बाइड के मूल्यों के सम्बन्धित पैरा १५, १६, १७.१० और १७.११ ।

(घ) दिनांक ५ जनवरी, १९६२ का सरकारी संकल्प संख्या सी० एच (१)–३(२)/६१ ।

(ङ) उक्त उप-धारा में निर्धारित अवधि के भीतर उपरोक्त (ग) और (घ) में उल्लिखित पत्रों की प्रतियां क्यों नहीं रखी जा सकीं इसके कारण बताने वाला वक्तव्य ।

(१४) जम्मू और काश्मीर राज्य के औद्योगिक सर्वेक्षण के प्रतिवेदन की एक प्रति ।

(१५) नमक उप-कर अधिनियम, १९५३ की धारा ६ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक ३ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३७ में प्रकाशित लाइसेंस प्राप्त नमक निर्माताओं को ऋण देना (संशोधन) नियम, १९६२ की एक प्रति ।

(१६) सालारजग संग्रहालय अधिनियम, १९६१ की धारा २ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक ३० दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १५३२ में प्रकाशित सालारजंग संग्रहालय नियम, १९६१ की एक प्रति ।

(१७) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ की धारा ७ की उप-धारा (२) के अन्तर्गत कर्मचारी भविष्य निधि योजना, १९५२ में कुछ और सशोधन करने वाली निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(क) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५६ ।

(ख) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५७ ।

(ग) दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १४५९ ।

(घ) दिनांक २३ दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या १५१३ ।

(ङ) दिनांक २० दिसम्बर, १९६१ की जी० एस० आर० संख्या ९८ ।

विषय पृष्ठ

(१८) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ को कुछ गन्ने के फार्मों पर लागू करने वाली दिनांक ९ दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १४५८ की एक प्रति ।

(१९) पशुओं के प्रति निर्दयता निवारण अधिनियम, १९६० की धारा ३८ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक २३ दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ३०१५ में प्रकाशित पशुओं के प्रति निर्दयता निवारण (पशु कल्याण बोर्ड के लिये सदस्यों का निर्वाचन) नियम, १९६१ की एक प्रति ।

(२०) भारतीय रेलवे अधिनियम, १८९० की धारा ८२ जे की उप-धारा (३) के अन्तर्गत रेलवे दुर्घटना (क्षतिपूर्ति) नियम, १९५० (आज तक संशोधित रूप में) की एक प्रति ।

(२१) चावल कूटना उद्योग (विनियमन) अधिनियम, १९५८ की धारा २२ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत दिनांक २० फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ९३ में प्रकाशित चावल कूटना उद्योग (विनियमन और लाइसेंस देना) संशोधन नियम, १९६१ की एक प्रति ।

(२२) चीनी (उत्पादन का विनियमन) अधिनियम, १९६१ की धारा ७ की उप-धारा (४) के अन्तर्गत निम्नलिखित नियमों की एक-एक प्रति :—

(१) दिनांक १५ जनवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० ७२ में प्रकाशित चीनी (उत्पादन का विनियमन) नियम, १९६२ ।

(ख) दिनांक १४ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० २१८ में प्रकाशित चीनी (उत्पादन का विनियमन) सशोधन नियम, १९६२ ।

(२३) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति :—

(एक) जून १९६० और जुलाई १९६१ के बीच हुए उपनिर्वाचनों के परिणामों का प्रतिवेदन ।

(दो) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, १९५१ की धारा १६९ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत दिनांक २७ फरवरी, १९६२ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ५९७ में प्रकाशित निर्वाचन का संचालन (संशोधन) नियम, १९६२ ।

(२४) सरकारी, बचत, प्रमाण पत्र अधिनियम, १९५९ की धारा १२ की उप-धारा (३) के अन्तर्गत निम्नलिखित नियमों की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक ७ अक्तूबर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १२२५ में प्रकाशित डाक-घर बचत प्रमाण पत्र (तीसरा संशोधन) नियम, १९६१ ।

विषय पृष्ठ

(दो) दिनांक ११ नवम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० १३५५ में प्रकाशित डाक-घर बचत प्रमाण-पत्र (चौथा संशोधन) नियम, १९६१ ।

(२५) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, १९५२ की धारा ७ की उपधारा (२) के अन्तर्गत दिनांक ३० दिसम्बर, १९६१ की अधिसूचना संख्या एस० ओ० ३०८७ में प्रकाशित कर्मचारी भविष्य निधि (तेरहवां संशोधन) योजना, १९६१ की एक प्रति ।

(२६) लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम ७१ (१) के अन्तर्गत अपेक्षित गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) अध्यादेश, १९६२ द्वारा तत्काल विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला व्याख्यात्मक विवरण ।

(२७) लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम ७१ (१) के अन्तर्गत अपेक्षित अधिवक्ता (संशोधन) अध्यादेश, १९३२ द्वारा तत्काल विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला व्याख्यात्मक विवरण ।

सदस्यों के त्यागपत्र १४

अध्यक्ष महोदय ने लोक सभा को यह बताया कि निम्नलिखित सदस्यों ने लोक-सभा में अपने स्थान से त्यागपत्र दे दिया है :

(१) श्री हिनिटा

(२) श्री सादत अली खां

(३) चौ० रणवीर सिंह

विधेयक पुरःस्थापित . . १४–१५

(१) संविधान (बारहवां संशोधन) विधेयक, १९६२ ।

(२) गोआ, दमन और दीव (प्रशासन) विधेयक, १९६२ ।

(३) अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, १९६२ ।

मंगलवार, १३ मार्च १९६२/२२ फाल्गुन १८८३ (शक) के लिये कार्यावली

निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और उनका पारित किया जाना :

(१) राज्य वित्त निगम (संशोधन) विधेयक ।

(२) गोदी कर्मचारी (रोजगार का विनियमन) संशोधन विधेयक ।

(३) भारतीय रेलवे (दूसरा संशोधन) विधेयक ।

GIPND—LS III—1859 (Ai) LSD—28-3-62—125.